# लखनऊ समेत चार शहरों में बनेंगे बड़े वेयर हाउस

राज्य मुख्यालय | अजित खरे



उत्तर प्रदेश जैसे बड़े बाजार को देखते हुए अब यहां वेयरहाउस व लॉजिस्टिक पार्क बनाने की मुहिम तेज हो गई है। छह कंपनियों ने हापुड़, लखनऊ, उन्नाव, बुलंदशहर में इस सेक्टर में निवेश की तैयारी कर ली है। इसके लिए जमीन का इंतजाम भी हो गया है। लखनऊ में तो इसकी शुरुआत नामक लॉजिस्टिक कंपनी 85 करोड़ रुपये का निवेश से करने जा रही है। यह वेयरहाउस वर्ष 2021 में बनकर शुरू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने वेयरहाउस व लॉजिस्टिक पार्क को उद्योग का दर्जा दिया है। इस कारण अब कई कंपनियां इस सेक्टर में निवेश को तैयार हैं।

61.14 करोड़ के निवेश से उन्नाव के सोहरामऊ में वेयरहाउस बनाने का प्रस्ताव स्पेस कंपनी ने दिया है। पीआरवाई लॉजिस्टिक ने 79.65 करोड़ रुपये की लागत से बुलंदशहर के सिकंदराबाद में वेयरहाउस बनाने की तैयारी की है।

डिलाइट कंपनी ने हापुड़ में 64.9 करोड़ रुपये की लागत से वेयरहाउस बनाने का प्रस्ताव दिया है। लखनऊ में सरोजनीनगर कानपुर रोड पर हसनगंज में रेनबस्ट रेजीडेंसी ने 32.48 करोड़ रुपये की लागत से इसी तरह का प्रस्ताव दिया है जबकि लॉजिस्टिक पार्क के लिए उन्नाव के रसूलपुर में संबंध इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी ने प्रस्ताव औद्योगिक विकास विभाग को दिया है।

## यूपी सबसे बड़ा बाजार, वितरण व स्टोरेज की जरूरत

यूपी में दिनों-दिन उपभोक्ता सामग्री की खपत बढ़ रही है। दवा, आटोमोबाइल, स्पेयर्स पार्ट्स, फूड, कपड़े की काफी खपत है। उपभोक्ता सामान वाली कंपनियों के लिए यूपी काफी संभावनापूर्ण है क्योंकि यह सबसे बड़ा बाजार है। इस कारण वितरण व स्टोरेज की भी जरूरत है ताकि सही समय पर सही रूप में गंतव्य तक पहुंचाया जा सके। एमेजान व फ्लिपकार्ट ने वितरण केंद्र खोले हैं और वेयरहाउस कंपनियों से अनुबंध भी कर रहे हैं।

## फ्लिपकार्ट के उत्पाद होंगे

लखनऊ में वेयरहाउस बनाने वाली नामक कंपनी का फ्लिपकार्ट कंपनी से व्यापारिक समझौता है। इससे फ्लिपकार्ट को अपने उत्पाद लोगों तक और जल्दी पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस प्रोजेक्ट से करीब प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में वेयरहाउस व लाजिस्टिक पार्क सेक्टर में भारी निवेश होगा। उद्यमियों को अपना माल स्टोर करने के काफी विकल्प मिलेंगे।

**आलोक कुमार**, अपर मुख्य सचिव